



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 239 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 15 जून 2025 | मूल्य 2 रुपया



## लकड़ी से भरा ट्रैक्टर बाइक सवार पर पलटा, युवक घायल

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस। शहर के सीतामऊ फाटक क्षेत्र में स्थित लाभमुनि नेत्र चिकित्सालय के सामने शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में बाईक सवार युवक घायल हो गया। दरअसल लकड़ियों से भरा एक ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर अचानक बाइक सवार पर पलट गया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत उपचार हेतु बड़े अस्पताल ले जाया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उक्त स्थान पर सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण के चलते हादसे की स्थिति निर्मित हुई। लाभमुनि अस्पताल के सामने सब्जियों एवं फलों के ठेले और अस्थाई ठेलों के कारण मार्ग संकरा हो गया है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी होती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की सख्त कार्यवाही की जाए, जिससे भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

## सिर्फ योजना, क्रियान्वयन नहीं...

# इस बार भी खतरा बरकरार..!

## पंद्रह साल में चार सौ लोगों की मौत का कारण बना सर्पदंश

## गृह विभाग ने सर्पदंश को किया स्थानीय आपदा घोषित

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस। सर्पदंश से मंदसौर जिले में बीते 15 साल में करीब 400 जानें चली गई। प्रदेश में यह आंकड़ा हजारों में है। हर साल सैकड़ों लोग सर्पदंश का शिकार होते हैं। इसके बाद राज्य सरकार ने इसे हर जिले में स्थानीय आपदा घोषित किया है। साथ ही हर जिले में सर्प मित्र और स्नेक कैचर की तैनाती करने को कहा है। राज्य आपदा प्रबंधन ने इसको लेकर एडवाइजरी जारी की है और सभी कलेक्टरों से इस पर अमल कराने को कहा है, ताकि सर्पदंश की घटनाओं में नियंत्रण किया जा सके। हालांकि मैदानी स्तर की तैयारी की बात करें तो खतरा बरकरार है। अभी तक सर्पदंश से मौत का महत्वपूर्ण कारण एंटी स्नेक वेनन लगाने वालों का न होना और अंध विश्वास सामने आया है।**

### इस बार सरकार ने किया यह प्रयास...

गृह विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि मध्य प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सर्पदंश के मामलों को गंभीरता से लेते हुए इसे स्थानीय आपदा घोषित किया है। इस अभियान में ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड स्तर पर स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया, रेडियो, होर्डिंग्स और प्रिंट मीडिया के जरिए सर्पदंश से बचाव और प्राथमिक उपचार की जानकारी प्रसारित की जाएगी। स्कूलों और कॉलेजों में विशेष सत्र आयोजित कर विद्यार्थियों को इस खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में शिक्षित किया जाएगा। हर जिले में प्रशिक्षित सर्प मित्र और 'स्नेक-कैचर' की तैनाती की जाएगी, जिनके हेल्पलाइन नंबर जनता को उपलब्ध कराए जाएंगे। सभी सरकारी अस्पतालों में एंटी-वेनम (विष नाशक दवा) का पर्याप्त भंडारण किया जाएगा। पीड़ितों को निकटतम चिकित्सा केन्द्र तक पहुंचाने की व्यवस्था को और सुचारू बनाया जाएगा, ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके। इसके अलावा लोगों को जागरुक करने और सुरक्षा संबंधित जानकारी देने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

### अधिकारी हर साल करते हैं निर्देशित...

मंदसौर जिले की बात करें तो बारिश के तीन माह में सर्पदंश का खतरा बढ़ जाता है। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हर साल औसत तीस लोगों की मौत का कारण सर्पदंश होता है। वर्ष 2009 से 2025 तक लगभग चार सौ जाने सांप काटने से जा चुकी है। लोगों की मौत के सबसे बड़े दो कारण अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी और अंधविश्वास रहा है। हर बार की तरह इस बार भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पतालो में एंटी स्नेक वेनम पहुंचाकर निर्देशित किया जाएगा। लेकिन, सामुदायिक या स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सक उपलब्ध नहीं है। इधर अभी भी विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोग झाड़फूंक के चक्कर में समय बर्बाद करते हैं।

### अस्पताल पहुंचने में हो जाती है देरी...

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एंटी स्नेक वैनन इंजेक्शन उपलब्ध होने के बाद भी पीड़ित की जान बचाने में स्वास्थ्य विभाग अक्षम है। स्वास्थ्य केंद्रों पर इंजेक्शन लगाने के लिए चिकित्सक ही नहीं है। मजबूरी में मरीज को बड़े अस्पताल जाना पड़ता है। जिले के दूरस्थ गांवों से जिला मुख्यालय की औसत दूरी 100-120 किमी है। इतनी दूरी तय करने में सांप का जहर पीड़ित को पूरी तरह अपनी चपेट में ले रहा है। स्थिति यह है कि तहसील मुख्यालयों पर भी सर्पदंश के मरीजों का उपचार नहीं होता है।

### कंपाउंडर या नर्स नहीं कर सकते इलाज...

डॉक्टरों की मानें तो सर्पदंश से पीड़ित को कितनी मात्रा में दवा का इंजेक्शन देना है, यह काटने वाले सांप की प्रजाति पर निर्भर करता है। मरीज द्वारा बताए अनुसार ही चिकित्सक सांप की प्रजाति तय करते हैं। उसके बाद दवा की मात्रा का निर्धारण होता है। एंटी स्नेक वैनन का उपयोग कंपाउंडर या नर्स नहीं कर सकते हैं। इसलिए मरीज को बड़े अस्पताल लाना पड़ रहा है।

### अंततः झाड़-फूंक पर भी भरोसा...

अभी भी कई जगहों पर जागरुकता का अभाव नजर आ रहा है। झाड़फूंक पर लोग भरोसा करते हैं। कई मामलों में सांप काटने के बाद झाड़-फूंक से लोग बच जाते हैं। इसका कारण है सांप का जहर शरीर में नही उतरना या फिर सांप जहरीला नहीं होना या किसी और जानवर का काटना होता है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकों की कमी भी लोगों को झाड़-फूंक की तरफ प्रेरित कर रही है। इसका परिणाम भी मौत ही होता है। कुछ मामलों में सांप जहरीला नहीं होने या शरीर में कम मात्रा में जहर पहुंचने से पीड़ित बच जाता है तो लोग झाड़-फूंक को सही मानने लगते हैं।



### जहर से ज्यादा मौतें हार्ट अटैक से...

चिकित्सकों के अनुसार जिले में पाए जाने वाली सांप की प्रजातियों में से 90 प्रश सांप जहरीले नहीं होते हैं। अधिकांश मामलों में सर्पदंश से पीड़ित की मौत घबराहट या हार्ट अटैक से हो जाती है। वर्षाकाल में 15 जून से 15 सितंबर के दौरान सांप डसने के मामले ज्यादा होते हैं। बारिश का पानी बिलों में घुसने से या उमस के कारण सांप बाहर निकलते हैं।

## बोलेरो पलटने से दो की मौत, सात घायल

**नीमच, 14 जून गुरु एक्सप्रेस। सिटी थाने के फोरलेन बायपास पर शुक्रवार देर रात हुए हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। नीमच के जेतपुरा चौराहा के पास धानुका फैक्ट्री के सामने हुई इस दुर्घटना में सात लोग घायल हो गए। हादसा रात 1 से 2 बजे के बीच हुआ।**

बताया गया है कि कार में सवार सभी 09 लोग रायसेन जिले की गौहरगंज तहसील के पांचरा गांव के रहने वाले थे। वे राजस्थान के पाली में रिश्तेदारों से मिलने जा रहे थे। नीमच सिटी पुलिस ने घायलों को बड़े अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने पांचरा निवासी 62 वर्षीय बिशन पिता गिरवर सिंह और भोपाल सिंह रेबारी उम्र 40 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। यह भी कार में सवार लोगों के ही साथी है। सात घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद कनावटी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मृतक बिशन सिंह का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है।

## कुएं में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

**मनासा, 14 जून गुरु एक्सप्रेस। शनिवार को नगर के रामपुरा रोड स्थित इंदरमल पाटीदार निवासी हाड़ी पिपल्या के खेत के कुएं में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। शव दिखने पर तत्काल मनासा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकाला।**

प्रथम दृष्टया मृतक की आयु लगभग 35 से 40 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। उसने काले रंग की टी-शर्ट व काली जींस पहन रखी थी। टी-शर्ट पर स्पोर्ट्स अंग्रेजी में लिखा हुआ है। शव काफी हद तक सड़ चुका है, जिससे उसकी पहचान कठिन हो रही है। मनासा पुलिस ने शव की पहचान हेतु उसका फोटो सोशल मीडिया पर साझा किया है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि व्यक्ति की मौत हत्या है या कोई अन्य कारण। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# मंदसौर में मौसम का मिजाज बदला

## भीषण गरमी-उमस के बीच बारिश ने दी थोड़ी राहत

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और लू के थपेड़ो से झुलस रहे मंदसौर शहरवासियों को अब मौसम ने बड़ी राहत दी है। शुक्रवार शाम को जहां तेज हवाओं के साथ खंड वर्षा के रूप में झमाझम बारिश ने चिलचिलाती गर्मी से राहत दी, वहीं शनिवार को भी दोपहर बाद मौसम ने फिर मिजाज बदला और कई क्षेत्रों में रुक-रुक कर बारिश होती रही।



शनिवार सुबह से लेकर दोपहर तक भीषण गर्मी से लोगों को परेशान होना पड़ा। असहनीय गर्मी के आगे कूलर और पंखे भी नतमस्तक नजर आ रहे थे। शाम लगभग 03.45 बजे के करीब अचानक आसमान में काले बादल छा गए और कुछ ही मिनटों में तेज़ हवाएं चलने लगीं। इसके बाद शुरू हुई झमाझम बारिश ने शहर की सडक़ों को गिला कर दिया। जिससे गर्मी से बेहाल लोगों को ठंडक मिली। बारिश का सिलसिला करीब 20 मिनिट तक लगातार जारी रहा, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अंचल में कई जगहों पर बारिश का क्रम जारी रहा।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शहर में खंड वर्षा के रूप में बारिश हुई। कहीं 20-25 मिनट तेज बारिश से सड़क पर पानी जमा हो गया तो कहीं सिर्फ बादल ही छाए रहे। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले तीन दिनों तक इसी प्रकार की रुक-रुक कर वर्षा होती रहने की संभावना है। प्री-मानसूनी गतिविधियों की शुरुआत हो चुकी है और अगर यही रफ्तार रही तो इस बार समय पर मानसून दस्तक दे सकता है।

बता दें कि इस बार देश में मानसून अपने समय से 08 दिन पहले ही आ गया था। वहीं महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में यह तय समय से पहले पहुंच गया। ऐसे में अनुमान था कि मध्यप्रदेश में यह जून के पहले सप्ताह में ही आ जाएगा। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। पिछले 15 दिन से मानसून महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में एक ही जगह पर ठहरा रहा। इस वजह से एमपी में इसकी एंट्री नहीं हो पाई। हालांकि, अब मानसून आगे बढ़ने लगा है। इसलिए अब यह प्रदेश में 15-16 जून तक पहुंच सकता है। बता दें कि एमपी में मानसून के प्रवेश की सामान्य तारीख 15 जून ही है। पिछले साल यह 21 जून को एंटर हुआ था।



**अनदेखी से हो रही परेशानी**– मंदसौर शहर के बीपीएल चौराहा पर सफाई के लिए दस दिन पूर्व नाला खोला गया था। जिसकी सफाई के बाद वापस बंद नहीं किये गए। जिससे बीपीएल चौराहा से स्टेडियम, रेलवे स्टेशन, शुक्ला कालोनी जाने वाले लोगो को परेशानी हो रही है। खुले नाले में वाहन फंस भी रहे हैं।

### डेढ़ किलो एमडी ड्रग्स और पांच किलो डोडाचूरा के मामले में था फरार...

## पांच हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले की नारायणगढ़ थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे पांच हजार रूपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी विकास पिता कंवरलाल कुमावत निवासी रेवास देवड़ा को 13 जून की शाम मल्हारगढ़-पिपलियामंडी हाईवे से गिरफ्तार किया गया।



बताया गया है कि 01 जनवरी 2025 को थाना नारायणगढ़ की टीम ने मुखबीर सूचना पर लालसिंह भाटी को गिरफ्तार किया था, जिसके कब्जे से 1 किलो 508 ग्राम एमडी ड्रग्स और 05 किलो डोडाचूरा बरामद किया गया था। पूछताछ में उसने मादक पदार्थ विकास कुमावत से लाना बताया था। तभी से विकास फरार चल रहा था। जिस पर पुलिस कप्तान द्वारा पांच हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया था। इस अभियान में थाना प्रभारी अनिल रघुवंशी के साथ-साथ पुलिस बल के अन्य जवानों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### आरोपी पर पहले भी दर्ज है मामला...

गिरफ्तार आरोपी विकास कुमावत आपराधिक प्रवृत्ति का है। उस पर पहले भी थाना वायडीनगर में मादक पदार्थ तस्करी का मामला दर्ज है, जिसमें उसे सजा भी हो चुकी है। इसके बावजूद वह पुनः तस्करी में लिप्त पाया गया। इस मामले में पूर्व में लालसिंह पिता बद्रीलाल भाटी निवासी नोगावा (उम्र 26 वर्ष) व धीरज पिता मांगीलाल डाबी निवासी लसूडिया राठौर (उम्र 19 वर्ष) को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## विंग के फरार इनामी आरोपी को दलौदा पुलिस ने दबोचा

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** नारकोटिक्स विंग नीमच के फरार घोषित 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी महेश पिता शिवप्रकाश शर्मा निवासी गौतम नगर दलौदा को थाना प्रभारी मनोज गर्ग की टीम ने दबोचा ओर नारकोटिक्स विंग को सुपुर्द किया। बता दे कि महेश शर्मा विगत 01 वर्ष पूर्व नारकोटिक्स विंग की कार्यवाही में 130 ग्राम एमडी एवम 01 किलो 148 ग्राम अवैध अफीम के मामले में अपने साथी आसिफ खान निवासी नोगांवा के साथ मौके से फरार हो गया था। तब से दोनों फरारी में थे। जिस पर नारकोटिक्स विंग द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।



## मोबाईल चोर को भेजा जैल

**पिपलियामंडी, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** पिपलिया व नीमच में रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के मोबाइल चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसे कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार सूठोद (मल्हारगढ) निवासी चन्द्रपालसिंह पिता नारायणसिंह राजपूत को रेलवे पुलिस ने नीमच में यात्री की जेब से 24 हजार रुपए कीमती मोबाइल चोरी करने के मामले में पकड़ा। इसे पूर्व में भी पिपलिया रेलवे स्टेशन पर अक्सर यात्रियों के मोबाइल चोरी के मामले में पकड़ा था। जिससे रेलवे पुलिस के सुपुर्द किया था। पूछताछ में आरोपी ने मोबाइल चोरी करने की वारदात को कबूला है। थाना प्रभारी कन्हैयालाल भाटी ने बताया आरोपी के खिलाफ यात्रियों के मोबाइल चोरी करने शिकायत मिली थी। जिसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद कनावटी नीमच जेल भेजने के आदेश हुए है।

## मनोहर धाकड़ मामले में वीडियो वायरल करने के पांच आरोपी गिरफ्तार, जैल भेजा

**भानपुरा, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** एट लेन पर मनोहर धाकड़ के अश्लील वीडियो मामले में पुलिस ने वीडियो बनाकर ब्लैक मैलिंग करने के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। आरोपियों के कब्जे से पांच मोबाइल और 10 हजार रुपये नगद जप्त किये गये हैं। सभी को न्यायालय ने जैल भेजने के आदेश दिये।



भानपुरा पुलिस के मुताबिक को मनोहर धाकड पिता हिरालाल धाकड उम्र-47 साल निवासी-बनी थाना भावगढ जिला मन्दसौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 मई को अपनी बलेनो कार क्रमांक मप्र 14 कक 4782 से सुबह 10 बजे घुमने के लिये मंदसौर से नारायणगढ, रामपुरा, भानपुरा गया था। फिर करीब शाम 08 बजे भानपुरा एट लाईन पर एम्बुलेंस वालो ने मेरा आपत्तिजनक वीडियो एट लाईन सीसीटीवी केमरा मे से मोबाईल में बना लिया व थोडे समय बाद जब में गाडी लेकर आगे जा रहा था, तभी मेरी गाडी को क्रास करते हुये एट लाईन की 1033 एम्बुलेंस मेरी गाडी के आगे लगा दी तो मे घबरा गया। गाडी में से चार व्यक्ति उतरे व मेरी गाडी को घेर लिया और बोले की तुमने एट लाईन पर जो अश्लील कांड किया है, उसका हमने वीडियो बनाया है। फिर उनमे से एक लडके बने सिंह ने मुझे वीडियो बताया ... शेष पेज 4 पर

# प्रदेश में आमजन की सुविधा के लिए यूनिफाइड पोर्टल सिस्टम की होगी शुरुआत-मुख्यमंत्री

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में आमजन को सुविधाएं उपलब्ध कराने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ आमजन को आसानी से दिलाने के लिए यूनिफाइड पोर्टल सिस्टम तैयार किया जाए। जिसमें विभिन्न विभागों की सेवाएं एक साथ जोड़कर, आमजन को एक ही स्थान पर लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। यूनिफाइड पोर्टल को विभिन्न विभागों की 1700 सेवाओं को जोडकर लांच किया जाए। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभागों की जानकारी आमजन को आसानी से मिल सके, इसके लिए जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। जनता को विभिन्न कार्यक्रमों और अभियानों की जानकारी देने के उद्देश्य से होर्डिंग्स लगाए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास (समत्व भवन) में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि उज्जैन में सिंहस्थ-2028 में विभिन्न तकनीकी कार्यों एवं व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन में नवीन प्रौद्योगिकी की मदद ली जाए। इसे सुनिश्चित करने के लिए एमपीएसइडीसी सॉफ्टवेयर/ऐप तैयार करें और नगरीय विकास एवं आवास विभाग को भी निर्देशित किया जाए।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने नवीन ड्रोन नीति तैयार कर इसे लागू किया है। प्रदेश में कानून और व्यवस्था नियंत्रण के लिए ड्रोन का उपयोग बढ़ाने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई जाए। इसके साथ ही शहरी यातायात प्रबंधन के लिए भी ड्रोन का उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

**21 जून को उज्जैन के डोंगला में आयोजित होगी राष्ट्रीय कार्यशाला-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को उज्जैन में 'खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन होगा। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं अन्य सहयोगियों की ओर से यह कार्यशाला डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर योग शिविर, शून्य छाया अवलोकन, साइंस शो, स्टेम वर्कशॉप, व्याख्यान एवं परिचर्चा जैसी गतिविधियां होंगी।

**ड्रोन से निगरानी तंत्र को मजबूत कर डेटा संग्रहण क्षमता बढ़ाएं-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून और व्यवस्था नियंत्रण के लिए ड्रोन के उपयोग की व्यापक कार्य योजना तैयार की जाए। उज्जैन के साथ ही शहरी यातायात प्रबंधन के लिए भी ड्रोन का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ड्रोन के माध्यम से निगरानी तंत्र को मजबूत करते हुए डेटा संग्रहण क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता है। प्रदेश सरकार ने नवीन ड्रोन नीति तैयार कर इसे लागू किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जानकारी दी गई कि वर्तमान व्यवस्था के अनुसार राजस्व, नगरीय विकास एवं आवास, रेरा, लोक निर्माण, जल संसाधन सहित विभिन्न विभागों की परियोजनाओं में सर्वेक्षण एवं निगरानी कार्य के लिए ड्रोन की सहायता ली जा रही है।

**प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं, बढ़ाएं आईटी पार्कों की संख्या-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के प्रमुख शहरों इंदौर, भोपाल, जबलपुर एवं ग्वालियर में एमपीएसइडीसी द्वारा आईटी पार्क विकसित किए गए हैं। राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश के अनुकूल वातावरण एवं निवेश की बढ़ती संभावनाओं के दृष्टिगत आईटी पार्कों की संख्या बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर सहित सभी आईटी पार्कों को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न इंजीनियरिंग महाविद्यालयों का आईआईटी के अनुरूप क्षमतावर्धन करने के निर्देश दिए।

**साइबर अटैक की घटनाएं रोकने के लिए करें प्रभावी कार्यवाही-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि साइबर अटैक की घटनाएं रोकने एवं उनके प्रभावी निष्पादन के लिए मध्यप्रदेश कंप्यूटर इमरजेंसी टीम का गठन किया जाए और सभी शासकीय विभागों में मुख्य सुरक्षा अधिकारी तैनात किए जाएं। उन्होंने कहा कि विभागों की सभी वेबसाइट प्रोजेक्ट/वेबसाइट/ऐप्स का सिक्योरिटी ऑडिट किया जाए, जिसमें सिस्टम के सुरक्षा मानक, डेटा प्रबंधन और प्रोजेक्ट्स की कार्यक्षमता का मूल्यांकन सुनिश्चित हो, जिससे समय रहते किसी भी संभावित जोखिम की पहचान एवं बचाव के उपाय किए जा सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जानकारी दी गई कि इस वर्ष अभी तक विशेषज्ञों की टीम ने 134 नेटवर्क अटैक को रोकने में सफलता प्राप्त की है। गत माह ऑपरेशन सिंदूर के समय संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त 72 आईपी की पहचान कर उन्हें ब्लॉक करने की कार्यवाही की गई।

**ड्रोन द्वारा सर्वेक्षण एवं निगरानी प्लान का जोनल प्लान बनेगा-** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा कि ड्रोन द्वारा सर्वेक्षण एवं निगरानी प्लान को जोनल प्लान बनाकर योजनाबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा के लिए गृह विभाग के साइबर एक्सपर्ट्स से भी इनपुट लिए जाएं। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ 2028 के टेक्निकल सपोर्ट का प्लान नगरीय आवास एवं सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग मिलकर तैयार करें। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ 2025 के प्लान का अध्ययन भी करें। उन्होंने कहा कि राज्य की स्पेस टेक नीति तैयार करने के लिए अन्य राज्यों की नीतियों का भी अध्ययन करें। उन्होंने कहा कि राज्य में स्टार्टअप्स क्लस्टर को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी मद्रास के मॉडल का अनुसरण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आईटी और संबंधित क्षेत्रों में निवेशकों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करें।

**मध्यप्रदेश में जल्द ही बनेगी स्पेस टेक नीति-** अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत कार्यों की अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राज्य की स्पेस टेक नीति तैयार करने के लिए स्टेक होल्डर्स को भी कंसल्ट किया गया है। शीघ्र ही राज्य की स्पेस टेक नीति तैयार की जाएगी। अपर मुख्य सचिव श्री दुबे ने बताया कि एमपी-सर्ट द्वारा विभिन्न विभागों का साइबर सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण कराया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए कार्यवाही की जा रही है। श्री दुबे ने जानकारी दी कि नर्मदा नदी के गहरीकरण का मानचित्रण कराया गया है। उन्होंने बताया कि शासकीय कर्मचारियों के लिए ईएचआरएमएस, सिंगल साइन ऑन, नागरिकों लिए यूनिफाइड पोर्टल आदि विकसित किए गए हैं। उन्होंने डेटा सेंटर के विकास, एवीजीसी लैब, इनक्यूबेशन सेंटर्स की स्थापना, आईटी स्टार्टअप्स, ईएसडीएम पार्क की स्थापना, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग, जीसीसी की स्थापना आदि बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य में आईटी और संबंधित क्षेत्रों के उद्योगों की स्थापना के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी, एमडी एमपीएसइडीसी श्री आशीष वशिष्ठ एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री गुरु प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मनासा नप को 04 दूकानों की नीलामी से 03 करोड़ 70 लाख की आय, होगा नगर विकास

## आरएलबी रोड पर नवनिर्मित शॉपिंग कॉम्पलेक्स में 04 दुकानों की 32 निविदा आयी



**मनासा, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद मनासा द्वारा आर. एल. बी. रोड पर नवनिर्मित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में चार दुकानो की बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की गयी थी। 4 दुकानों के लिए 32 निविदा प्राप्त हुई। इसमें नगर परिषद को 3 करोड़ 70 लाख रूपए की आय हुई। 1 एवं 2 नम्बर की दूकान में सबसे अधिक राशि गोविंद कन्हैयालाल राठौर की रही और 3 व 4 नम्बर में विनोद कुमार रावत मीणा निवासी अखेपुर की राशि अधिक रही। दूकान निलामी से प्राप्त राशि का उपयोग शॉपिंग काम्पलेक्स निर्माण एवं नगर विकास में होगा। नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय तिवारी ने सभी आभार माना।

नगर परिषद द्वारा आर एल बी रोड पर नवनिर्मित शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण किया जा रहा है। कॉपलेक्स निर्माण में 4 दूकान का निर्माण अंतिम चरण में आने पर नगर परिषद ने उन्हे निलाम करने योजना बनाई और निविदा आमंत्रित की। चारों दूकानें सामान्य के लिए आरिक्षित की गई। परिषद द्वारा 1 नम्बर की दूकान 34.54 वर्ग मीटर जिसका 35 लाख 56 हजार 236 आरक्षित की गई थी। इसी तरह अन्य प्रत्येक 32.97 वर्ग मीटर की तीनों दूकानों के लिए प्रत्येक दूकान की 33 लाख 94 हजार 608 रूपए आरक्षित की गई थी। 2000 फार्म शुल्क के साथ ही पहली दूकान का 88905 एवं अन्य दूकानों के लिए 88865 प्रतिभूति राशि डालकर निविदा में भाग लेना था। 13 जून 2025 दोपहर 2.00 बजे तक फार्म लेने का समय निर्धारित किया गया था एवं 13 जून को दोपहर 3 बजे तक बंद लिफाफे में आवेदन की। इसी दिन शाम 4 बजे सभी परिषद अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय तिवारी, उपाध्यक्ष किशोर जोलानिया, प्रभारी सीएमओ मनोज राठौर, पार्षदगण, पत्रकारगण और निविदाकारों के समक्ष निविदा खोली गई। इसमें 4 दूकानों की निलामी से 3 करोड़ 70 लाख की आय हुई।

**4 दुकानों की 32 निविदा आयी** - परिषद की 4 दूकानों की खरीदी के लिए 32 निविदाकार ने भाग लिया। 1 एवं 4 नम्बर की दूकानों में 6-6 निविदा प्राप्त हुई। वहीं 2 व 3 नम्बर की दूकानों में 10-10 निविदा प्राप्त हुई। इसमे प्रथम दुकान कॉर्नर की अधिकत्तम बोली 1 करोड़ 15 लाख की जो कि गोविन्द पिता कन्हैयालाल राठौर द्वारा लगाई गई थी। दूसरे नंबर की 95 लाख रुपए की अधिकत्तम बोली भी गोविंद राठौर की रही। तीसरे नंबर की 80 लाख 101 रुपए विनोद कुमार रावत मीणा अखेपुर अखेपुर और चार नंबर की दूकान की अधिकत्तम बोली 80 लाख भी विनोद कुमार रावत मीणा की रही।

**काम्पलेक्स निर्माण एवं नगर विकास में होगा खर्च-** नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय जी तिवारी ने बताया 4 दूकानों की निलामी से 3 करोड़ 70 लाख की राशि प्राप्त होगी। उक्त राशि का उपयोग शॉपिंग काम्पलेक्स निर्माण एवं नगर विकास में होगा। दूकान निलामी में पूर्ण पारदर्शिता रखी गई इस पूरी प्रक्रिया में निविदाकार, पत्रकारगण, परिषद के सभी पार्षदगण और नागरिकों का सहयोग मिला। इसके लिए सभी का धन्यवाद आभार। कॉम्पलेक्स निर्माण की अन्य दूकानों रका भी इसी तरह पूर्ण पारदर्शिता के साथ निविदा आमंत्रित की जाएगी।

# विकसित भारत संकल्प अभियान को लेकर संकल्प संगोष्ठी सम्पन्न



**दलौदा, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्र सरकार में 11 वर्ष पूर्व होने पर भारतीय जनता जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश के निर्देश पर भाजपा दलौदा मंडल में विकसित भारत संकल्प अभियान को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन बालाजी रिसॉर्ट दलौदा में हुआ संगोष्ठी को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री नानालाल अटोलिया ने संबोधित करते हुए कहा कि देश में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हो गए ओर मोदी जी के नेतृत्व में लगातार देश में नए नए काम हुए मोदी जी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ गई हे विदेशों में भी भारत की तारीफ होने लगी हे विश्व के नक्शे पर भारत को लोग देख रहे हे बैठक को जिला सहकोशॉध्यक्ष श्री राज कुमार गुप्ता ने भी संबोधित किया बैठक में स्वागत भाषण भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास सुराना ने देते हुए आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बताई साथ ही आगामी दिनों में गांव में होने वाली चौपाल प्रभारी सहप्रभारी की घोषणा की इस अवसर पर विजय मेहता, गजेंद्र सिंह सिसोदिया, चंद्रशेखर मंडलोई, ईश्वर लाल पाटीदार, हेमंत धनोतिया, सुमित सेन, दीपक पोरवाल, विजय तातेड, सौरभ राठी, दशरथ बैरागी, नंदकिशोर माली, फतेहसिंह आंजना, जगदीश शर्मा, दिनेश पंवार, विशाल पोरवाल, दीपक जैन, घनश्याम बगड़, संगीता बाई बगड़ सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सुखी जीवन का आधार है श्रीमद् भागवत और श्री भगवद् गीता-पू. शास्त्री

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** श्री सांवलिया गौशाला कुंचड़ौद समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से कुमावत धर्मशाला में आयोजित गौभक्त पू. भीमाशंकर जी शर्मा की श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस कथा प्रसंग में भगवान कपिल देव ने अपनी माता देवहूती का आत्म ज्ञान का प्रबोध करते हुए कहा कि जो जड़ है वह शरीर है और जो चेतन है यह हम स्वयं इस शरीर और इसमें विद्यमान 5 ज्ञानेन्द्रिया, 5 कर्मेन्द्रिया मन बुद्धि चित्त और अहंकार को नियंत्रित करने वाला जो है वह चेतन हम स्वयं आत्मा है। हम ईश्वर को बाहर ढूंढते है परन्तु वह बाहर मिलता नहीं। जीव और ब्रह्म का एकत्व उसी प्रकार है जैसे कण्डा और धागा जैसे कपड़ा और धागा अर्थात सूत नाम से पृथक नाम है परन्तु दोनों एक ही है। पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिये अधिक से अधिक पौधरोपण, बच्चों को संस्कारित बनाने के लिये सदशास्त्रों का स्वाध्याय, दृढ़ संकल्प में विकल्प नहीं होना आदि कई महत्वपूर्ण बातों को जीवन में उतारने पर बल दिया। तृतीय दिवस कथा में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, गुर्जरबर्डिया मण्डल अध्यक्ष भेरूलाल सेन, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष दशरथ जाट ने पूज्य गुरूजी का सम्मान कर आशीर्वाद लिया। जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा ने गौशाला में सत्संग भवन हेतु 2 लाख रू. देने की घोषणा की। अतिथियों का भागवत आयोजन एवं सांवलिया गौशाला समिति, सरपंच कारूलाल भील, उपसरपंच बिहारीलाल गोयल आदि ने दुपट्टा धारण कराकर सम्मान किया। संचालन पूर्व जनपद सदस्य मण्डल उपाध्यक्ष गोपाल गुजरिया ने किया। बड़ी संख्या ने महिला, पुरूष आदि अनेक भक्तगण कथा श्रवण का लाभ ले रहे है।



# रेडक्रॉस सोसायटी का आजीवन सदस्यता अभियान 30 तक

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** संयुक्त कलेक्टर एवं मानसेवी सचिव भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा मंदसौर एवं संयुक्त कलेक्टरश्री राहुल चौहान द्वारा बताया गया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा मंदसौर वर्ष 1982 से निरंतर कार्यरत है। संस्था का मुख्य उद्देश्य पीड़ित मानव की सेवा, निर्धन एवं गरीब व्यक्तियों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाना है। इसी उद्देश्य को साकार करने हेतु संस्था द्वारा वर्तमान में वृद्धाश्रम (वात्सल्य धाम), फिजियोथेरपी सेंटर, एंबुलेंस सेवा, नि:शक्तजन छात्रावास एवं प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र जैसे प्रकल्प सुचारू रूप से संचालित किये जा रहे हैं। संस्था आम जनों को रेडक्रॉस से जुड़ने एवं उनकी भी सहभागिता, मार्गदर्शन के लिए संकल्पित है।इसी परिपेक्ष में संस्था द्वारा आम जनों को (पुरुष एवं महिला) अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता हेतु ' आजीवन सदस्यता अभियान' प्रारंभ किया जा रहा हैं जो निरंतर 30 जून 2025 तक चलेगा। आपके सहयोग, सुझाव एवं मार्गदर्शन से संस्था भविष्य में और अधिक अच्छा कार्य कर सकेगी। आजीवन सदस्यता का शुल्क रुपए एक हजार रूपये निर्धारित है।आवेदन पत्र का प्रारूप रेडक्रॉस कार्यालय से कार्यालय समय (प्रात: 10:00 बजे से सायंकाल 6:00 बजे तक) में नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता हैं।आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड की छाया प्रति, पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है।आजीवन सदस्य बनने पर ही मतदान में भाग लेने की पात्रता होगी एवं मंदसौर जिले के आजीवन सदस्यगण ही मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

# भाजपा के 12 संगठनात्मक मंडलों में विकसित भारत संकल्प सभा सम्पन्न



**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक एंव अन्य संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशालाओं, प्रोफेशन मीट के बाद अब मंडल स्तर पर इन कार्यशालाओं के माध्यम से मोदी सरकार के सेवा, समर्पण और सुशासन को समर्पित 11 वर्षीय जनकल्याण के कार्यो को बूथ और पंचायत स्तर तक ले जाने का कार्य प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी एंव पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत मंडल पदाधिकारियों द्वारा भाजपा का दुपट्टा पहनाकर किया गया।

इसी के अंतर्गत जिला भाजपा मंदसौर के संगठनात्मक मंडल के बूढा मंडल में वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पारस मावर, जीवन शर्मा, मन्दसौर दक्षिण मंडल में वक्ता के रूप में पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया, प्रितेश चावला, मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार, गरोठ मंडल में वक्ता के रूप में पूर्व विधायक देवीलाल धाकड, अभिषेक मांदलिया, मंडल अध्यक्ष गोकुलसिंह चौहान, खडावदा मंडल में वक्ता के रूप में देवीलाल धाकड, सुनिल पटेल, मंडल अध्यक्ष सीताराम चारण, मगरामाताजी मंडल में वक्ता के रूप में सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, भाजपा जिला महामंत्री गणपतसिंह आंजना, मंडल अध्यक्ष गोपाल पाटीदार, दलौदा मंडल में वक्ता के रूप में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, राजकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विकास सुराणा, सुवासरा मंडल में वक्ता के रूप में पिछडा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, जितेन्द्रसिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष दिलीपसिंह तरनोद, मेलखेडा मंडल में वक्ता के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, राहुल मुजावदिया, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र पहाडिया, सीतामऊमंडल में वक्ता के रूप में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राजु चावला, अशोक सूर्यवंशी, मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र बामनिया, कयामपुर मंडल में वक्ता के रूप में भाजपा जिला मंत्री नरेन्द्र पाटीदार, हिम्मत डांगी, विक्रमसिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष महेन्द्रसिंह गौड, सीतामऊग्रामीण मंडल में वक्ता के रूप में भाजपा नेता अजयसिंह चौहान, चन्द्रप्रकाश पंडा, मंडल अध्यक्ष धनसुख पाटीदार, भानपुरा मंडल में वक्ता के रूप में पिछडा मोर्चा जिलाध्यक्ष रणजीतसिंह चौहान, श्यामसिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष आदित्य मंगरोलिया आदि ने अपने-अपने मंडलो में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 11 वर्षीय कार्यकाल एंव 2047 में विकसित भारत बनाने का संकल्प मंडल पदाधिकारी एंव कार्यकर्ताओं को दिलाया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जनकल्याणकारी योजनाओं का आव्हान कर बताया की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारे देश ने बीते 11 वर्षो में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मार्ग पर ऐतिहासिक प्रगति की है। उनके मजबूत और निर्णायक नेतृत्व में भारत ने हर चुनौती का सामना करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का साहस दिखाया है। हमारे जवानों की वीरता से सीमाएँ सुरक्षित हैं और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत एक उभरती हुई वैश्विक आर्थिक शक्ति बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी जी के सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास के मंत्र ने देश के हर नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। आज देश का हर वर्ग और हर क्षेत्र एक साझा संकल्प के साथ विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। हम सभी का यह साझा संकल्प है कि हम एक नए, आत्मनिर्भर, सुरक्षित, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएँगे। यही प्रधानमंत्री मोदी जी का सपना है और यही 140 करोड़ देशवासियों का लक्ष्य बन चुका है। आज हम यहां एक संकल्प, एक शपथ लेने के लिए एकत्रित हुए हैं, आइए इन उपलब्धियों को केवल अपने दिमाग में ही नहीं बल्कि अपने दिलों में भी सजाएं। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

# अहमदाबाद विमान हादसे में दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया विमान हादसे में मृत आत्माओं को मंदसौर मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन चिकित्सक, सभी समाज जन और जन प्रतिनिधियों ने शुक्रवार की शाम को गांधी चौराहे पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

अहमदाबाद में हुए इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि इस दुर्घटना में दिवंगतों को पूरी विधानसभा की तरफ से हम सभी नमन करते है और हमारी सभी की संवेदना उनके परिवार के साथ है। मंदसौर की प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष रमा देवी गुर्जर ने कहा कि ये काफी दुखद समय है, जिसमें सभी अपने सपनों को संजोये कोई घूमने, शादी में उपस्थिति देने के बाद, अपने परिवार से मिलने और अपना इलाज करवाकर लंदन जा रहे थे लेकिन दुर्भाग्यवश असमय ही उनका इस दुर्घटना में निधन हो गया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसौदिया ने बताया कि डीजीसीआई द्वारा इस हादसे की जांच की जा रही है। यह हादसा बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इस भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सुरेश जैन (पैथोलॉजी), उत्तर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, लीड कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश चंदवानी, सांसद प्रतिनिधि गौरव अग्रवाल, समाजसेवी विनोद मेहता, विनय दुबेला, दृष्टानंद नैनवानी ने भी अपनी भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त की। श्रद्धांजलि सभा का संचालन भावपूर्ण संवेदना व्यक्त करते हुए मंदसौर एम आर यूनियन अध्यक्ष दिनेश चंदवानी ने किया और उपाध्यक्ष राजेश सोनी ने दो मिनिट का मौन रखने का आह्वान कर वहां उपस्थित गणमान्यों ने मोमबत्ती जलाकर दिव्यात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा में अनिल कियावत, डॉ सुषमा आर्य, सुनीता भावसार, गरिमा भाटी, डॉ राजेंद्र पाण्डे, डॉ के सी श्रीमाल, डॉ अभिजीत जैन, नीलेश जैन, अम्बालाल चौहान, राजाराम तंवर, डॉ भरत संगतानी, डॉ कमल संगतानी, मयंक चुनेकर, आशीष जैन, उपेन्द्र राय, महेश धनोतिया, रूपेश चंदवानी, बंसीलाल टांक, विनोद बसेर, प्रदीप श्रीवास्तव, कनिष्ठशर्मा, एडवोकेट देवेंद्र सिंह चौहान, वीरेंद्र प्रजापति, राजेश गुर्जर, कैलाश चौहान,विष्णु सरतालीया, बिजेंद्र झा, अनिल शर्मा, भगवान माली, रूपेश चंदवानी, लक्ष्मण मेघनानी, राम मीणा, विकास गोस्वामी, अयूब खान, संदीप भावसार सहित अनेक नगरवासियों ने भी दिवंगतों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मनोहर धाकड़ मामले में वीडियो ... पेज 1 से जारी

और मुझसे 50 हजार रुपये की मांग की। बौला की मेरे पास अभी पैसे नही है, किसी काम के 20 हजार रुपये मेरे पास पडे है जो मेने बनेसिंह को दे दिये। इस पर वह बोला इनसे काम नही बनेगा। अगर ओर रुपये नही दिये तो तेरी जान पर बन आएगी। फिर बनेसिंह ने जो नंबर दिये थे, मेने मोबाईल फोन से पांच हजार रुपये फोन-पे किये। आवेदक मनोहर की शिकायत पर थाना भानपुरा पर अपराध धारा 294, 309(4) बीएनएस 67 आईटी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

विवेचना के दौरान 14 जून शनिवार को मुखबीर सुचना के आधार पर आरोपी बनेसिंह पिता हरपालसिहं चौहान उम्र 32 साल निवासी सातलखेडी को गिरफ्तार कर पुछताछ की गई। जिसने घटना मे शामिल अपने साथियो अजय मीणा, कमलेश मेघवाल, रोहित नागर, सांवरलाल माली द्वारा उक्त घटना को कारित करना बताया। जिस पर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना मे प्रयुक्त वाहन, पांच मोबाईल फोन तथा नगदी 10 हजार रूपये जप्त किये गये। प्रकरण मे अग्रीम कार्यवाही जारी है।


## ✻ उठावना ✻

स्वर्गीय श्री बद्रीलालजी मुजावदिया के सुपुत्र, गणेशराम, लक्ष्मीनारायण, नारदमुनि के बड़े भाई, गोपाल, फकीरचंद, कैलाश, मुकेश, मनोज, राजू के बडे पापा राजेश (बबलू) सचिन के दादाजी, शिवांश के परदादाजी एवं रमेशचंद्र, अशोककुमार के पूज्यनीय पिताजी श्री कचरमलजी मुजावदिया का स्वर्गवास 13 जून 2025 शुक्रवार को हो गया है। उठावना 15 जून 2025 रविवार को दोपहर 2 बजे बजे निज निवास गांव नालीखेड़ा पर रखा गया है।




✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻

**मुजावदिया परिवार नालीखेड़ा, बालागुड़ा, तहसील मल्हारगढ़**


# 15-16 जून एमपी में भयंकर आंधी-बारिश की चेतावनी

**भोपाल, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** मानसून को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। कई दिनों से महाराष्ट्र-छग में ठहरे मानसून ने फिर से रफ्तार पकड़ी है। उम्मीद जताई जा रही है कि 15-16 जून तक मानसून मध्यप्रदेश में प्रवेश कर लेगा। 15 जून को इंदौर और आसपास के जिलों को यलो अलर्ट पर रखा गया है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलेगी।



मध्यप्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। कहीं भीषण गर्मी तो कहीं तेज आंधी-बारिश का दौर जारी है। शनिवार को भी प्रदेश के कई जिलों में दो तरह का मौसम देखने को मिला। सागर-खंडवा में बारिश के चलते कई पेड़ उखड़ गए। वहीं ग्वालियर में लोग गर्मी से परेशान हैं। इसी बीच मानसून को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। कई दिनों से महाराष्ट्र-छग में ठहरे मानसून ने फिर से रफ्तार पकड़ी है। उम्मीद जताई जा रही है कि 15-16 जून तक मानसून मध्यप्रदेश में प्रवेश कर लेगा। 15 जून को इंदौर और आसपास के जिलों को यलो अलर्ट पर रखा गया है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलेगी।

**अटके मानसून ने पकड़ी रफ्तार, 48 घंटे में होगी एंट्री, 12 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट!-** भारत मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के वैज्ञानिक डॉ. अरुण शर्मा ने बताया कि दो से तीन तरह की स्थितियां बनने से एमपी के कई जिलों में 15 जून से बारिश की संभावना है। बारिश का दौर दो से तीन दिन रहेगा। ऊपरी हवा का एक चक्रवाती सिस्टम उत्तर-पश्चिमी राजस्थान पर सक्रिय है। यह सिस्टम एक ट्रफ के रूप में उत्तर-पश्चिमी राजस्थान से मध्य प्रदेश और विदर्भ होते हुए मराठवाड़ा तक समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक फैला है। 15 जून को इंदौर और आसपास के जिलों को यलो अलर्ट पर रखा गया है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रतार से हवा चलेगी।

**15 जून को ऐसा होगा मौसम-** भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, रीवा, सीधी, सिंगरौली, पन्ना, दमोह, मंडला, बालाघाट, सिवनी, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, सीहोर, शाजापुर, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, धार, अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, श्योपुर, शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, राजगढ़, आगर-मालवा, सतना, मैहर, मऊगंज, कटनी, जबलपुर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी और नीमच में बारिश होने की संभावना है। यहां हवा की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक हो सकती है।

**16 जून को ऐसा होगा मौसम-** मंडला और बालाघाट में तेज बारिश का अलर्ट है। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, रीवा, सीधी, सिंगरौली, पन्ना, दमोह, सिवनी, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, सीहोर, शाजापुर, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, धार, अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, श्योपुर, शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, राजगढ़, आगर-मालवा, सतना, मैहर, मऊगंज, कटनी, जबलपुर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी और नीमच में हल्की बारिश होने की संभावना है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in